दैनिक भास्कर 13/12/2023

जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने विकसित भारत प्लेटफॉर्म के लॉन्चिंग में लिया भाग

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने विकसित भारत @2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्चिंग कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन शामिल रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ये आयोजन युवा जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हुआ। इसमें कॉलेज से विद्यार्थी और संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय विकास के प्रति अपने उत्साह और विकासशील भारत 2047 की परिवर्तनकारी दृष्टि को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। वीसी के जरिए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में हमारे युवाओं की भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी शिक्षण संस्थानों को भी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का मूलभूत हिस्सा विद्यार्थियों को विकसित भारत के प्रति शपथ दिलाना था, जो देश के विकास के लिए उनके समर्पण को प्रतिष्ठित करता है।

अम्बाला। जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित छात्र।